सार-समाचार

''एल.आई.सी. में हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ''

अजमेर, (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय, अजमेर में आज ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह'' का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। यह सप्ताह 28 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2025 तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का थीम'' साझा जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में मण्डल कार्यालय एवं अजमेर मण्डल की सभी शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली तथा ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मण कोटाई, मण्डल प्रबंधक (कार्मिक एवं औ.स.) ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति से ही संस्थाओं में विश्वास और दक्षता बढ़ती है। उन्होंने सभी से नैतिक मूल्यों के पालन एवं जवाबदेही की भावना को सुदृढ करने का आव्हान किया। अरविन्द खरे, प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक एवं औ.सं.) ने बताया की सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य प्रत्येक कर्मचारी और नागरिक में ईमानदारी एवं सतर्कता की भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि एक पारदर्शी और उत्तरदायी भारत के निर्माण में सभी का योगदान सुनिश्चित हो सके।

पेंशनर्स को कराना होगा जीवन प्रमाण पत्र जमा

अजमेर,(निसं)। राजस्थान राज्य सिविल एवं पारिवारिक पेंशनर्स को प्रतिवर्ष एक नवम्बर से 30 नवम्बर तक जीवन प्रमाण पत्र कोषालय अथवा उपकोषालय में जमा कराना आवश्यक है। कोषाधिकारी श्री भागीरथ सिंह लखावत ने बताया कि पेंशनरों द्वारा इस अवधि में जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने में असफल रहने वालों के माह दिसम्बर से पेंशन का भुगतान बन्द कर दिया जाएगा। समस्त पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर कई माध्यमों से जीवन प्रमाण पत्र को राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कराकर कोषालय अथवा उपकोषालय में प्रस्तुत कर सकते है। पेंशनर्स राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित जीवन प्रमाण पत्र को पेंशन पोर्टल पर अपलोड भी कर सकते है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अतिरिक्त समस्त कार्मिक अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते है।

शिव पुराण कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली

पुष्कर(निसं)। कार्यक्रम में यज्ञ आरंभ से पूर्व मुख्य गऊघाट से कलश यात्रा को घाट पर तीर्थराज के पूजन के साथ आरंभ किया गया एवं मुख्य यजमानपूर्व सभापति कमल पाठक सा पत्नी पूजन अर्चन किया गया। उसके पश्चात जूनागढ़ के संत महात्मा सनातन परंपरा की जो आन बान शान है शस्त्र रक्षा शस्त्रों के द्वारा करतब दिखाए गए इसके पश्चात यज्ञ मंडप प्रवेश किया गया एवं आज की आयोजन में गणपति पूजन षोडश मातृका वास्तु पीठ पूजन आदि एवं अग्नि स्थापन की गई इस आयोजन को भैरव अखाड़ा पुष्कर जूना के सभी संत महात्माओं ने धूमधाम से इस आयोजन में भाग लिया एवं संत महात्माओं का आदर सत्कार सभापति एवं समस्त दिल्ली गुजरात मुंबई राजस्थान एवं हर देश प्रदेश आए हुए समस्त भक्तों ने साधु संतों का माल पुष्प पहना करके करके स्वागत सत्कार किया। इसके पश्चात कमल पाठक साहब ने संतों का आशीर्वाद लिया एवं बीजेपी मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक आदि ने भी पुष्कर के आचार्य गानों विद्वान ब्राह्मणों का सम्मान सत्कार किया।

पुष्कर मेले में घोड़े की खरीद पर अब 5 प्रतिशत जीएसटी लागू

अजमेर/ पुष्कर, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेले में इस बार घोड़े की खरीद पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। राज्य कर विभाग के उपायुक्त ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को इस संबंध में एक पत्र भेजा है। मेले का विधिवत शुभारंभ 30 अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ होगा, लेकिन पशुओं का पहुंचना 22 अक्टूबर से ही शुरू हो गया था। इसी दिन पशुपालन विभाग ने मेले स्थल पर अपना कार्यालय भी प्रारंभ कर दिया था। राज्य कर विभाग के अनुसार, मेले में हर वर्ष घोड़ों की खरीद-फरोख्त होती है। जीएसटी के प्रावधानों के अनुसार जीवित घोड़े की बिक्री पर पांच प्रतिशत जीएसटी लागू होता है।

पुष्कर मेला 2025 का ध्वजारोहण एवं शुभारंभ समारोह गुरुवार को

■ यह मेला 5 नवम्बर तक चलेगा

अजमेर/ पुष्कर, (निसं)। विश्व प्रसिद्ध श्री पुष्कर मेला 2025 का शुभारंभ गुरुवार 30 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे मेला मैदान में ध्वजारोहण, पूजा एवं नगाड़ा वादन के साथ किया जाएगा। यह मेला 5 नवम्बर तक चलेगा। इस दौरान जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग और पर्यटन विभाग की ओर से विविध सांस्कृतिक, धार्मिक व खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने बताया कि शुभारंभ दिवस पर स्कूली छात्राओं द्वारा मांडना प्रतियोगिता और समूह नृत्य होंगे। इसके साथ ही स्थानीय बनाम विदेशी खिलाड़ियों के बीच चक दे राजस्थान, फुटबॉल मैच खेला जाएगा। सायं 6 बजे पुष्कर सरोवर घाट पर दीपदान और रंगोली के साथ महाआरती का आयोजन होगा। इसके बाद मेला मैदान मंच पर पुष्कर की आवाज कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों और सायं 7 बजे हास्य कार्यक्रम तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां डब्ल्यू जेडसीसी और राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा दी जाएंगी।

शुक्रवार 31 अक्टूबर को मेला मैदान में लंगड़ी टांग, सतोलिया और गिल्ली डंडा जैसे पारंपरिक खेल स्थानीय बनाम विदेशियों के बीच होंगे। इसी दिन ऊंट श्रृंगार और ऊंट नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सायं 6.30 बजे पुष्कर की आवाज कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ एनजेडसीसी और कुटले खान परियोजना की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। शनिवार 1 नवम्बर को कबड्डी मैच स्थानीय बनाम विदेशी खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा। अश्व नृत्य प्रतियोगिता के बाद अंतरपंचायत समिति ग्रामीण खेलों में रस्साकस्सी, वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताएं होंगी। सायं 6.30 बजे पुष्कर की आवाज में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति के बाद सुरस बैंड और नीरज आर्य के कबीर कैफे द्वारा विशेष कार्यक्रम होगा। रविवार 2 नवम्बर को गुरुद्वारा से मेला मैदान तक प्रातः 8.30 बजे आध्यात्मिक पदयात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में ग्रामीण खेलकूद और अपराह्न 4 बजे शिल्पग्राम में फूड एंड क्राफ्ट महोत्सव का शुभारंभ होगा। सायं 5 बजे गीर और विकास प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम होंगे। इसके पश्चात पुष्कर सरोवर घाट पर महाआरती और मेला मैदान में पुष्कर की आवाज के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें पद्मश्री गुलाबो देवी का कालबेलिया नृत्य, भुंगर खान डेजर्ट सिम्फनी का चरी नृत्य, घूमर, तेरहताली और चकरी नृत्य शामिल रहेंगे। सोमवार 3 नवम्बर को मेला मैदान में प्रातः 9 बजे लगान शैली पर आधारित क्रिकेट मैच खेला जाएगा। विदेशियों के लिए पगड़ी बांधना, तिलक प्रतियोगिता और मूंछ प्रतियोगिता भी होगी। सायं 6 बजे सरोवर घाट पर महाआरती के बाद पुष्कर की आवाज कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों के पश्चात रूप कुमार राठौड़ और सोनाली राठौड़ की बॉलीवुड नाइट होगी। मंगलवार 4 नवम्बर को महिलाओं के लिए मटका रेस और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता होगी। दिनभर शिल्पग्राम में फूड एंड क्राफ्ट महोत्सव चलेगा। सायं 6 बजे सरोवर घाट पर महाआरती और सायं 6.30 बजे पुष्कर की आवाज कार्यक्रम के बाद श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा रामायण मंचन और रात्रि 9.30 बजे कवि सम्मेलन होगा।

बुधवार 5 नवम्बर को मेला मैदान में समापन समारोह आयोजित होगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला जत्था यात्रा, मटका दौड़, चम्मच दौड़ और रस्साकस्सी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही ऊंट और अश्व प्रदर्शन भी होंगे।

स्थगित मैचों के साथ प्रारंभिक दौर के मुकाबले आज से

अजमेर (निसं)। अजयमेरु जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को 27 अक्टूबर की वर्षा से बाधित मुकाबलों के साथ शहर के विभिन्न मैदानों पर प्रारंभिक दौर के अन्य मुकाबले खेले जायेगे। महोत्सव में नगर निगम अजमेर सीमा क्षेत्र के वार्डो की टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता के मुकाबलों का पुनः निर्धारण करने हेतु आयोजन समिति की आपात बैठक 28 अक्टूबर को स्वामी कॉम्पलेक्स के बैंक्वेट हॉल में बैठक आयोजित की गई। आयोजन समिति के संरक्षक डॉ. प्रियशील हाडा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार 28 अक्टूबर को खराब मौसम के कारण स्थगित किये गये मुकाबले अब कल 29 अक्टूबर को खेले जाएंगे जिसमें जीएलओ ग्राउंड पर प्रातः 10 बजे वार्ड 51 मध्य 36, दोपहर 12 बजे वार्ड 24 मध्य 54, दोपहर 1:30 बजे वार्ड 34 मध्य 53 के मध्य मुकाबले होगें। सोफिया कॉलेज मैदान पर प्रातः 9 बजे वार्ड 28 मध्य 20, प्रातः 11 बजे वार्ड 39 मध्य 76, दोपहर 1 बजे वार्ड 16 मध्य 11 के बीच मुकाबले होगें। चंद्रवरदाई खेल मैदान पर प्रातः 10 बजे वार्ड 3 मध्य 04 (पूल ए), दोपहर 12 बजे वार्ड 7 मध्य 22(पूल बी), दोपहर 2 बजे वार्ड 80 मध्य 66(पूल सी), डीडब्ल्यूपीएस में दोपहर 2 बजे वार्ड 68 मध्य 66 (पूल सी) के मुकाबले खेले जायेगे। संस्था अध्यक्ष संपत सांखला ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों की जानकारी दी व बताया कि प्रतियोगिता के सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे है। सभी टीमों को समय पर निर्धारित मैदान पर मैच से 1 घंटे पहले पहुंचना जरूरी होगा। बैठक में कंवल प्रकाश किशनानी, मुकेश कुमार खींची, शैलेन्द्र सिंह परमार, अनुज शर्मा, सुमन साहू, पूर्व क्रिकेटर अशोक गुप्ता, व अन्तर्राष्ट्रीय बास्केट बॉल खिलाड़ी विनीत लोहिया, रमेश एच लालवानी, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, पुरषोतम तेजवानी, देवकरण फूलवारी, भूपेन्द्र राणावत, यशोदा, बालेश, एस.के. पांडे, घनश्याम सिंह, किशोर कुमार मारोठियां, देवदत्त डाबरा, हेमलता डाबरा आदि उपस्थित थे।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती, यूनिटी मार्च 16 नवंबर को

■ केंद्रीय मंत्री चौधरी ने किया पोस्टर का विमोचन

अजमेर(निसं)। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के स्टेट कैबिनेट मंत्री, सांसद, स्थानीय प्रशासन, एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य सभी युवा संस्थाओं के सहयोग से विकसित भारत पदयात्रा, आयोजित की जा रही हैं। अजमेर में 16 नवंबर को यूनिटी मार्च होगी। शहर भर में यूनिटी मार्च निकलेगा।

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अजमेर में 16 नवंबर को यूनिटी मार्च का आयोजन होगा जो नसीराबाद रोड स्थित टोरेंटो से शुरू होगा जो शहर विभिन्न मार्गों से होता हुआ पटेल मैदान पर संपन्न होगा। यूनिटी मार्च का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है, इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायेंगे। खासकर अमृत पौढी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी पहल के तहतए 6 अक्टूबर को मंत्रालय द्वारा यूनिटी मार्च की शुरुआत की, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। प्रेस वार्ता में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना, भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, भाजपा देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, विक्रम सिंह राठौड़, अनीश मोयल, रचित कछावा, प्रताप सिंह, अर्जुन, अंकित गुर्जर, नरेंद्र सिंह चुंडावत, हंसराज चौधरी, गोपाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

निबंध प्रतियोगिताः इस निबंध प्रतियोगिता में 10 अक्टूबर से 2 नवम्बर के दौरान 15 से 29 वर्ष के युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से भाग लेंगे। इसके राष्ट्रीय एकताए नागरिक जिम्मेदारी और सरदार पटेल के नेतृत्व से संबंधित होंगे।

दयानंद महाविद्यालय में कुश्ती प्रतियोगिता कों शुभारंभ

■ 170 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

अजमेर(निसं)। दयानंद महाविद्यालय में मंगलवार को 38वीं अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने किया। प्रतियोगिता में 20 महाविद्यालयों के 170 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। महाविद्यालय खेल अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मंगलवार को 38वीं अंतरमहाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा द्वारा विधिवत किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा ने खिलाडियों से कहा कि खेलों में जीत-हार एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। खिलाडियों को हार में निराश और जीत में अति उत्साहित होने के बजाय निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम के साथ स्वदेशी प्रथम का मंत्र अपनाना होगा। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और आत्मनिर्भर भारत ही विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो सकता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीकांत ने कहा कि दयानंद महाविद्यालय क्षेत्र में खेल गतिविधियों का एक बड़ा केंद्र बन चुका है।

NAME CHANGE

I Army No.14670638X, HAV, Satish Kumar Singh Residing at Ashwani (Bishanpur), Banka, Bihar 813102 have changed my Son's Shreyash Singh Dob from 15/02/2018 to 15/02/2019 affidavit no. CA 836637 dt 28/10/2025 at court campus Nasirabad

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड व कक्षा 5वीं की अंकतालिका मेरे पुत्र का नाम सरफराज व जन्मतिथि 8/8/2008 दर्ज है जो की गलत है। जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाणित दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम सरफराज खान SARFARAZ KHAN व जन्मतिथि 01/01/2011 दर्ज है जो की सही व सत्य हो।

-रेशमा पत्नी मोहम्मद शरीफ, दादूबासनी, तहसील डीडवाना

नए भवन में कोर्ट शिफ्टिंग को लेकर वकील उतरे सड़क पर

■ सड़क जाम, नारेबाजी कर जताया विरोध

अजमेर(निसं)। अजमेर में जिला न्यायालय के नए भवन में कोर्ट शिफ्ट किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को अजमेर के वकील सडक़ों पर उतर गए। वकीलों ने नए कोर्ट भवन के सामने सडक मार्ग पर जामकर नारेबाजी करते हुए मुख्य द्वार पर ताले लगा दिया। वकीलों के इस प्रदर्शन से यातायात प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना कोर्ट शिफ्टिंग स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि नए भवन में 362 वकीलों के लिए चैंबर बनाए जाने थे, लेकिन केवल 78 ही चैंबर तैयार हैं, जबकि मार्च माह में ही भवन का लोकार्पण हो चुका है। ऐसे में दोबारा उद्घाटन अनावश्यक है, उन्होंने कहा कि वकीलों की सुविधा को नजर-अंदाज कर प्रशासन जल्दबाजी में शिफ्टिंग कर रहा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता वैभव जैन ने बताया कि नए भवन का हैंड ओवर-टेक ओवर प्रक्रिया चल रही है और इसमें राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति को भी आमंत्रित किया है। वकील पहले ही इस मुद्दे पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मुलाकात कर चुके हैं,लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। वकीलों का कहना है कि न तो पक्षकार भवन में उन्हें बैठने की अनुमति दी जा रही है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। बार में 1500 से अधिक वकील हैं, ऐसे में 78 चैंबर में व्यवस्था संभव नहीं।

कार्यालय जिला परियोजना प्रबंधन ईकाई,अजमेर

(राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग)

कार्यालय का पता-मकान नं. 4, मधुबन कॉलोनी, एसबीआई बैंक के सामने नाका मदार,श्री नगर रोड अजमेर-300503

क्रमांक :जिपप्रईअ/डीपीएमयू/2025-26/509-10 **निविदा सूचना** दिनांक: 24/10/25

इस राजीविका कार्यालय द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु इच्छुक फर्मों/व्यक्ति से निम्नांकित सारणी अनुसार सामग्री/सेवा क्रय हेतु निविदाएं निर्धारित निविदा प्रपत्र में मोहर बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी।

क्र.सं.	निविदा विवरण	अनुमानित राशि	निविदा प्रपत्र विक्रय विक्रय अंतिम दिनांक व समय	निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक व समय	निविदा खोलने की दिनांक व समय	निविदा शुल्क	धरोहर राशि
1	कार्यालय आवश्यक वस्तुएं एवं सेवा इत्यादि हेतु	900000/-	30.10.2025 प्रातः 11.00 बजे	30.10.2025 दोपहर 2.00 बजे	30.10.2025 दोपहर 2.30 बजे	200/-	8000/-

नोट- 1. निविदा विक्रय एवं खोलने का स्थान कार्यालय जिला परियोजना प्रबंधन ईकाई, अजमेर है।
2. निविदा से संबंधित समस्त विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है व निविदा फार्म के साथ उपलब्ध रहेगी।
3. प्राप्त दरें 31.03.2026 तक मान्य होगी जो आपसी सहमति से आगे बढ़ायी जा सकेगी।
4. निविदा से संबंधित पूछताछ के लिए सम्पर्क करें नरेन्द्र फुलवारी, मोबाईल नं. 9649356301
5. NIB NO- AGA2526A0193
6. UBN NO- RGA2526GSOB00251

(मुकेश जैमन)
जिला परियोजना प्रबंधक
जिला परियोजना प्रबंधन ईकाई,अजमेर

कार्यालय नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ जिला – चित्तौड़गढ़

क्रमांक/तामीर/25-26/7045-46 दिनांक :- 24.10.2025

उजरदारी सूचना 10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भूखण्ड हस्तान्तरण चाहा है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक, न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन/स्थगन, स्वामित्व आदि सम्बंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो उजरदारी प्रकाशन के 07 दिवस में अपनी आपत्ति मय रेकार्ड के अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने मियाद कोई भी आपत्ति कबिले समायत नही होगी और भूखण्ड हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। विवरण इस प्रकार है :-

क्र. स.	भूखण्ड विक्रेता/वसीयत/कर्त्ता/बक्षीशकर्ता	भूखण्ड जिसके नाम हस्तान्तरण किया जाना है।	भूखण्ड संख्या साईज व पता
1.	मूल पट्टा धारक- श्री किशनलाल पिता श्री राधाकिशन मीणा अन्तिम विक्रेता :- श्री कमलेश सिंघवी पिता श्री शांति लाल	श्री जुगल किशोर छीपा पिता श्री सत्यनाराण निवासी ढूबा बाजार चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 60 क्षैत्रफल 1250 वर्गफीट वर्धमान नगर विस्तार द्वितीय चित्तौड़गढ़
2.	मूल पट्टा धारक- रमेशदास,मोहनदास पिता श्री स्व. धन्नादास वगैरह अन्तिम विक्रेता :- श्री प्रदीप कुमार पिता श्री नरेन्द्र कुमार	श्री गोपाल प्रकाश टेलर पिता श्री रामनिवास निवासी स्टेडियम के सामने चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 19 क्षैत्रफल 1440 वर्गफीट चुंगी नाके से आगे सेंती चित्तौड़गढ़
3	मूल पट्टा धारक- रमेशदास,मोहनदास पिता श्री स्व. धन्नादास वगैरह अन्तिम विक्रेता :- श्रीमती बसन्ती बाई/ श्री कन्हैया लाल	श्री गोपाल प्रकाश टेलर पिता श्री रामनिवास निवासी स्टेडियम के सामने चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 18 क्षैत्रफल 1440 वर्गफीट चुंगी नाके से आगे सेंती चित्तौड़गढ़
4.	मूल पट्टा धारक- श्री अरविन्द कुमार पिता श्री जगदीश चन्द्र भण्डारी हकत्याग :- स्नेहलता भण्डारी व सुरभि काबरा	श्री वैभव भण्डारी पिता स्व. श्री अरविन्द भण्डारी निवासी कुम्भानगर चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 2 क्षैत्रफल 2340 वर्गफीट पन्नाधाय कोलोनी के पास चित्तौड़गढ़
5.	मूल पट्टा धारक- श्रीमती रेणु अलावत/सुनिल कुमार अन्तिम विक्रेता :- श्रीमती सम्पत देवी/ श्री रामनारायण	श्रीमती श्वेता सोनी/श्री संदीप कुमार गौड निवासी कृष्ण वाटिका मधुवन सेंती चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 91 क्षैत्रफल 1400 वर्गफीट रूपनगर सेंती चित्तौड़गढ़
6.	मूल पट्टा धारक- श्रीमती मधुबाला/ श्री रामचन्द्र सनाढ्य बक्षीसनामा :- श्री रामचन्द्र गौड/श्री नाना लाल गौड	श्रीमती रेखा गौड़/श्री दिनेश कुमर गौड निवासी हुडको कोलोनी गांधीनगर से. 5 चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 65 सी क्षैत्रफल 980 वर्गफीट से.नं. 5 गांधीनगर हुडको कोलोनी चित्तौड़गढ़
7.	मूल पट्टा धारक- श्री बाबु लाल/श्री नारायण मीणा अन्तिम विक्रेता :- श्रीमती दुर्गा देवी पत्नि श्री प्रेमानन्द उपाध्याय	मरियम बानू/श्री मुशद खां निवासी कृषि मण्डी के पास जायल जैल नागौर	भूखण्ड संख्या 109 क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट सिद्धी विनायक नगर भीलो की झोपडिया के पास चित्तौड़गढ़
8.	मूल पट्टा धारक- श्री जितेन्द्र सोनी/ श्री गोपाल सोनी अन्तिम विक्रेता :- श्री जितेन्द्र सोनी/ श्री गोपाल सोनी	श्री शांति लाल छीपा/ श्री जगन्नाथ निवासी हिन्दु छीपा मोहल्ला चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या Nil क्षैत्रफल 55.62 वर्गफीट सुभाष चौक चित्तौड़गढ़
9.	मूल पट्टा धारक- श्री सत्यनारायण/ श्री गोवर्धन लाल वसीयत :- श्री सत्यनारायण/ श्री गावेर्धन लाल	श्री अशोक/ श्री सत्यनारायण सोमाणी निवासी स्कीम नं. 6 कुम्भानगर चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 79 ए क्षैत्रफल 980 वर्गफीट स्कीम नं. 6 कुम्भानगर चित्तौड़गढ़
10.	मूल पट्टा धारक- श्रीमती हमीदा बानो/ श्री सुलेमान शाह अन्तिम विक्रेता :- श्रीमती आमना/श्री मोहम्मद सुलेमान	श्रीमती शमा बानो/ श्री मोहम्मद सिद्धीक निवासी गुलनगरी भीलवाड़ा	भूखण्ड संख्या Nil क्षैत्रफल 479.25 वर्गफीट पुरानी कोतवाली के पास चित्तौड़गढ़
11.	मूल पट्टा धारक- श्री सुजान सिंह/ श्री मनोहर सिंह हकत्याग :- सामरिया दिनेशचन्द्र,मीना,साधना	श्री अनिल कुमार सांमरिया/ श्री हर्षलाल निवासी बी 86 प्रतापनगर चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 86 बी क्षैत्रफल 2400 वर्गफीट प्रतापनगर सिंधी कोलोनी चित्तौड़गढ़
12.	मूल पट्टा धारक- श्री अम्बालाल/ श्री जेठमल व श्री माधव लाल/ श्री अम्बालाल दानपत्र :- श्रीमती बदाम बाई/ श्री लादू लाल न्याति	श्री मोहनलाल /स्व. श्री लादूलाल न्याति निवासी चामटी खेड़ा रोड़ चित्तौड़गढ़	व्यवसायिक दुकान क्षैत्रफल 360 वर्गफीट बूंदी रोड चित्तौड़गढ़
13.	मूल पट्टा धारक- श्री बालू,प्यारचन्द/श्री भगवान धाकड अन्तिम विक्रेता :- श्री नरेशचन्द्र/सम्पतलाल एवं अनिल कुमार/चन्द्रभान	श्री गोपाल कृष्ण दाधीच/श्री नन्दलाल निवासी बेंगू, चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 87 क्षैत्रफल 2375 वर्गफीट अम्बे विहार सेंती चित्तौड़गढ़
14.	मूल पट्टा धारक- श्री रमेश चन्द्र/ श्री भगवान लाल रेगर दानपत्र :- ललिता चौपड़ा एवं श्री आदित्य चौपड़ा द्वारा दान (गिफ्ट डीड द्वारा दिया)	सोनल चौपडा/ श्री आदित्य चौपडा निवासी कपडा बाजर चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 4 क्षैत्रफल 2652.50 वर्गफीट अम्बे नगर के पास चित्तौड़गढ़
15.	मूल पट्टा धारक- श्री होतनमल/ श्री रघुमल सिंधी अन्तिम विक्रेता :- श्री अजहर खान/ श्री मुकाबिल हुसैन	श्री मोहम्मद अजहर एवं मोहम्मद अनस/ श्री अब्दुल वहीद निवासी गांधीनगर चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 622 क्षैत्रफल 1225 वर्गफीट सें.नं. 5 गांधीनगर चित्तौड़गढ़
16.	मूल पट्टा धारक- श्री महावीर सिंह पिता श्री किशन सिंह अन्तिम विक्रेता :- श्री घीसु लाल उपाध्याय एवं श्री ओमप्रकाश नामधराणी	श्रीमती रानी कुमारी तेली/ श्री शांति लाल निवासी चन्देरिया चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 6 क्षैत्रफल 1492.5 वर्गफीट ओमपृथ्वी विहार योजना चामटी खेड़ा चित्तौड़गढ़
17.	मूल पट्टा धारक- श्री विष्णु प्रसाद/ श्री नवनीत लाल अन्तिम विक्रेता :- श्री विष्णु प्रसाद/ श्री नवनीत लाल	श्री हसीना बानू/ श्री मोहम्मद हारून छीपा निवासी छीपा मोहल्ला चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 42 क्षैत्रफल 600 वर्गफीट स्कीम नं. 7 स्टेशन चित्तौड़गढ़
18.	मूल पट्टा धारक- श्री राकेश कुमार / श्री मोहनलाल अन्तिम विक्रेता :- श्री राकेश कुमार/ मोहनलाल	श्री मोहम्मद हारून/ श्री मोहम्मद युसुफ छीपा निवासी छीपा मोहल्ला चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 43 क्षैत्रफल 600 वर्गफीट स्कीम नं. 7 स्टेशन चित्तौड़गढ़
19.	मूल पट्टा धारक- श्री किशन/श्री हजारी एवं श्री प्यारा/ श्री मेघा भोई अन्तिम विक्रेता :- श्री एकलव्य भट्ट/ श्री राकेश	श्री देवकीनन्दन काबरा/श्री हुक्मीचन्द्र निवासी बाहेतियो की गली चित्तौड़गढ़	भूखण्ड संख्या 29 क्षैत्रफल 1800 वर्गफीट आनन्द विहार कोलोनी कीरखेड़ा चित्तौड़गढ़

Raj.samwad/C/25/12722 आयुक्त

कार्यालय तहसीलदार, अजमेर

सार्वजनिक सूचना दिनांक-28-10-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री मनीष भाटी पुत्र रमेश भाटी जाति माली निवासी 2893/50, लोहागल रोड, विष्णु मन्दिर के पास जवाहर नगर, अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने दादा श्री गंगाराम पुत्र गणेश की मृत्यु दिनांक 05.11.2023 को होना बताते हुए उनके नाम ग्राम लोहागल के खाता संख्या 109 को ख0न0 1356 रकबा 1.17 किस्म बा-3 में 329/585 हिस्सा खाता संख्या 107 के ख0न0 1356/1548 रकबा 0.05 किस्म बा-3 हिस्सा पूर्ण खाता संख्या 108 के ख0न0 1361/1553 रकबा 0.39 किस्म बारानी-3 में हिस्सा 773/1300 निहित होना बताते हुए अपने दादा के नाम दर्ज उक्त भूमि की विरासत का नामा0 दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। पटवारी हल्का लोहागल ने अपनी रिपोर्ट में मौके पर सम्पूर्ण भूमि में अवैधानिक रूप से प्लॉटिंग होकर मौके पर काफी मकानात बना होना एवं प्रश्नगत भूमि के बारे में पूर्व में मृतक स्व. श्री गंगाराम भाटी पुत्र गणेश भाटी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को मुख्त्यारआम घोषित करने एवं उसी के द्वारा भूमि का अलग-अलग व्यक्तियों को बेचान किया जाना बताया है। मौके पर प्लॉटिंग होने से कुल कितनी भूमि विक्रय की गई एवं शेष कितनी भूमि मौके पर वास्तव में बची, इसकी जांच नहीं हो पा रही है। अतः यदि प्राथी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त वर्णित भूमि का विरासत का नामान्तरकरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस